बाढ़ के कारण खाद्यान्नों का अभाव

74. **श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिन राज्यों में हाल ही की बाढ़ के कारण खाद्यान्नों का अभाव पैदा हुआ वहां खाद्यान्न संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या कुछ क्षेत्रों में खाद्यान्नों की अब भी कमी है; और

(ग) यदि हां, तो वहां खाद्यान्नों की सप्लाई के लिए क्या प्रबन्ध किए गए हैं ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) से (ग). बाढ़ से प्रभावित हुए राज्यों में खाद्यान्नों की स्थिति कुल मिलाकर संतोषजनक है और सम्बन्धित राज्य सरकारों से खाद्यान्नों की कमी के बारे में कोई विशिष्ट रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है । भारतीय खाद्य निगम के पास संबंधित राज्यों में खाद्यान्नों का पर्याप्त स्टाक है । केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रभावित लोगों में मुफ्त राहत के रूप में वितरण करने के लिये दिए जा रहे खाद्यान्नों के अलावा, बाढ़ से प्रभावित राज्यों की गेहूं और चावल के आवंटन की सारी मांग पूरी का जा रही है ।

पंजाब में चीनी मिलों के लिए लाइसंस

75. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया**: क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पंजाब राज्य की छह मिलों के लिए लाइसेंस देने का वचन दिया था;

(ख) यदि हां, तो इस बारे में कितनी प्रगति हुई है;

(ग) कितने लाइसेंस दिए गए हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह) : (क) से (घ). पंजाब राज्य में नई चीनी फैक्ट्रियां लगाने के लिए छः आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं । चीनी उद्योग संबंधी कार्यकारी ग्रुप का व्यापक विचारार्थ विषयों के साथ फिर से गठन किया गया है । इस ग्रुप ने अपनी अन्तिम सिफारिशें अभी करनी हैं । सरकार छठी योजना को अन्तिम रूप देने की प्रक्रिया के अंग स्वरूप चीनी उद्योग में भविष्य में लाइसेंस देने के बारे में नीति विषयक निर्णय लेगी ।

माही बजाज सागर बांध

76. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय** : क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री माही बजाज सागर बांध 28 अगस्त, 1978 के अतारांकित प्रश्न सं० 4726 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि माही बजाज सागर बांध के निर्माण पर विचार-विमर्श के समय मध्य प्रदेश की केवल 85 हैक्टेयर भूमि पानी में डूब जाने की संभावना थी ;

(ख) क्या यह सच है कि अब 766 हैक्टेयर भूमि पानी में डूब जाएगी ;

(ग) क्या यह भी सच है कि मध्य प्रदेश को इस बांध से उत्पादित होने वाली बिजली का कोई हिस्सा नहीं मिलेगा ;